# कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

## // विज्ञापन//

क्र./ 191 /DMF/निर्माण/ 2023 जांजगीर,दिनांक 15/06/2023

छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के आदेश कमांक एफ–7/34/2016/XII नया रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2021 के तहत छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 के नियम 36 के उप नियम (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग लाते हुए छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास हेतु जिला जांजगीर–चांपा पद संरचना में स्वीकृत पदों में **संविदा भर्ती हेतु** योग्य उम्मीदवार से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास जिला जांजगीर चांपा छ.ग. में अंतिम तिथि 30.06.2023 कार्यालयीन समय शाम 5.00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। संविदा भर्ती हेतु पदवार विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. | पद का नाम | वेतनमान | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु | पद संख्या | न्यूनतम अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | लेखापाल | 18420/– | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 01 (अनारक्षित) | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से बी.कॉम न्यूनतम 50 प्रतिशत से उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से पीजीडीसीए उत्तीर्ण एवं Tally Software का पर्याप्त ज्ञान। |
| 2. | सहायक ग्रेड 03 | 14200/– | 21 वर्ष | 40 वर्ष | 01 (अनारक्षित) | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+ 2 परीक्षा उत्तीर्ण एवं न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग का 5000 की (KEY) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति अनिवार्य। |

नोटः– पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

**चयन प्रकियाः–**

**पद कमांक 1, लेखापाल–**

01 जिला स्तर पर कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा।

02 न्यूतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए 70 अंक एवं Tally Software का कौशल परीक्षा 30 अंक के आधार पर किया जायेगा।

**पद कमांक 1, सहायक ग्रेड 03–**

01 जिला स्तर पर कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा।

02 न्यूतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए 70 अंक एवं कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टायपिंग का 5000 की (KEY) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति के संबंध में प्रायोगिक/कौशल परीक्षा 30 अंक के आधार पर किया जायेगा।

## नियम एवं शर्तेः

01. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।

02. लेखापाल के पद हेतु योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर सेवानिवृत्त लेखापाल अथवा (लेखा परिक्षा उत्तीर्ण) सेवानिर्वत्त सहायक ग्रेड 01 को संविदा द्वारा लिया जा सकेगा।

03. उपरोक्त संविदा सेवा में मासिक एकमुश्त वेतन देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन मंहगाई भत्ता क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता/ पेंशन या अन्य राशि की पात्रता नहीं दिया जायेगा।

04. संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम/अधिकतम आयु सीमा छ.ग.शासन के आदेश लागू होगें।

05. संविदा नियुक्ति समान्यतः एक वर्ष के लिए होगी। विभाग की आवश्यकता एवं कार्यक्षमता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन करने के पश्चात ही संविदा अवधि बढ़ाने की निर्णय लिया जायेगा।

06. संविदा नियुक्ति पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है एवं बिना कारण बताये कभी समाप्त की जा सकेगी।

07. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की सेवा समाप्ति पश्चात संविदा नियुक्ति की शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिए किसी भी प्रकार के पेंशन, उपकम या मृत्यु लाभ का कर्मचारी को पात्रता नहीं होगी।

08. अभ्यर्थि को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

09. प्राप्त आवेदन के संबध में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

10. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण–पत्रों की जांच सही पाये जाने पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया जायेगा।

11. चिकित्सा एवं पुलिस सत्यापन के पश्चात कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा।

12. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगा।

13. अपूर्ण/अस्पष्ट/त्रुटि पूर्ण अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जिला खनिज संस्थान न्यास
जिला जांजगीर–चांपा(छ0ग0)

पृ. क्र./ 192 /DMF/ 2023 जांजगीर,दिनांक 15/06/2023

<u>प्रतिलिपि</u> :–

01. व्यवस्थापक छ.ग. जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सचिव छ.ग. शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।

02. श्री यू.के.कुरैशी (नोडल अधिकारी–DMF), उप–संचालक, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–डी, द्वितीय तल, अटल नगर जिला रायपुर की ओर सूचनार्थ।

03. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला जांजगीर–चांपा की ओर एक प्रति के साथ प्रेषित है, जिले के वेबसाईट में अपलोड करें।

कलेक्टर सह अध्यक्ष
जिला खनिज संस्थान न्यास
जिला जांजगीर–चांपा(छ0ग0)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

लेखापाल/ सहायक ग्रेड 3

प्रति,

कलेक्टर
जिला खनिज संस्थान न्यास
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का पोटो चिपकायें

01. आवेदित पद का नाम : ..........................................
02. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................
(अंग्रेजी के केपिटल लेटर्स में) : ..........................................
03. लिंग (पुरूष/महिला) : ..........................................
04. पिता/पति का नाम : ..........................................
05. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : ..........................................
..........................................
..........................................

(ब) स्थायी पता : ..........................................
..........................................
..........................................

06. (अ) जन्म तिथि अंको में : ..........................................
शब्दों में : ..........................................
(ब) दिनांक 01.01.2023 को आयु : ............वर्ष..............................माह..........................दिन......
07. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है, हां/नहीं : ..........................................
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)
08. क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. के : ..........................................
के लिए घोषित अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. का सदस्य है, हां/नहीं
09. अनुसूचति जाति /अनुसूचित जनजाति/ : ..........................................
अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें
10. क्या आवेदक विकलांग है, हां/नहीं : ..........................................
(यदि हां, हो विकलांग संबंधी जिला मेडिकल बोर्ड का सत्यापित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)
11. विकलांगता का प्रकार एवं प्रतिशत : ..........................................
12. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है, हां/नहीं : ..........................................
(यदि हो तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)
13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक : ..........................................
14. रोजगार कार्यालय का नाम : ..........................................
15. क्या आप विवाहित है, हां /नहीं : ..........................................
16. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि : ..........................................
17. जीवित बच्चों की संख्या : ..........................................

| क. | बच्चे का नाम | लिंग | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

18. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

19. अन्य कोई विशेष योग्यता : ........................................

20. क्या आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय : ........................................
कार्यालय में कार्यरत है।
(यदि हां तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे)

21. कार्य का अनुभव :–

| क्र. | संस्था का नाम | किये गये कार्य का विवरण | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |

(अनुभव प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे)

22. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–'

1. ........................................ 2 ........................................
3 ........................................ 4. ........................................
5. ........................................ 6. ........................................

## //घोषणा पत्र//

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक : ........................

स्थान : ........................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम एवं पूरा पता

# अनुभव प्रमाण पत्र प्रारूप

जारी करने वाले संस्था का नाम.......................................................................................

क्रमांक/....................../........................../                                        दिनांक.................................

प्रमाणित किया जाता है कि कु. /श्री/श्रीमति........................................................ पिता/पति श्री...........................................................हमारे संस्थान में दिनांक.................. से दिनांक...................................तक, पद............................................ कार्यरत रहे/है। उनका प्रतिमाह वेतन/मानदेय रू.............................................. था /है।

टीप :– निःशुल्क कार्य करने का कार्यानुभव मान्य नहीं होगा।

जारी करने वाले प्राधिकारी का हस्ताक्षर

नामः–.................................................

पदनाम :–...............................................

संस्था की पदमुद्रा/सील